# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शुक्रवार 23 अगस्त 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक- 323

# यह यात्रा समृद्धि, शांति एवं प्रगति के लिए बहुमूल्य मित्रता को बढ़ावा देगी:मोदी

**» तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुए प्रधानमंत्री**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वे 22 से 26 अगस्त के बीच फ्रांस, यूएई और बहरीन का दौरा करेंगे। यह यात्रा हमारी मजबूत सामरिक साझेदारी को प्रदर्शित करती है। इसे दोनों देश काफी अहमियत देते हैं और साझा करते हैं। 22-23 अगस्त को मेरी फ्रांस में द्विपक्षीय बैठकें होंगी। इसमें राष्ट्रपति मैक्रों के साथ शिखर वार्ता और प्रधानमंत्री फिलिप के साथ बैठक शामिल है। उन्होंने कहा कि वे भारतीय समुदाय से भी मुलाकात और फ्रांस में 1950 एवं 1960 के दशक में एयर इंडिया के हवाई जहाजों के दो हादसों का शिकार हुए भारतीय की याद में एक स्मारक को समर्पित करेंगे।

इसके बाद, 25-26 अगस्त को मैं राष्ट्रपति मैक्रों के आमंत्रण पर पर्यावरण, जलवायु, समुद्र और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर होने वाले सत्रों में बिआरित्ज सहयोगी के तौर पर जी7 सम्मेलन की बैठकों में हिस्सा लेंगे।

भारत और फ्रांस के बीच उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंध हैं, जो दोनों देशों और विश्व में शांति एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करने के साझा दृष्टिकोण से प्रबल हुए हैं। हमारी मजबूत रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी प्रमुख वैश्विक चिंताओं जैसे आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन आदि पर एक साझा दृष्टिकोण से पूरित होती है। मुझे विश्वास है कि यह यात्रा आपसी समृद्धि, शांति एवं प्रगति के लिए फ्रांस के साथ हमारी दीर्घकालिक और बहुमूल्य मित्रता को और बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि 23-24 अगस्त को संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा के दौरान में अबू धाबी के शहजादे शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ चर्चा के लिए तैयार हैं। इस दौरान पारस्परिक हित से जुड़े द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तारसे चर्चा होगी।

मुझे शहजादे के साथ संयुक्त रूप से महात्मा गांधी की 150वीं जयंती की स्मृति में डाक टिकट जारी करने का भी इंतजार है। इस दौरे में यूएई सरकार द्वारा दिए जाने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायद' को प्राप्त करना सम्मान की बात होगी। उन्होंने बताया कि वे विदेश में कैशलेस लेनदेन के नेटवर्क को विस्तार देते हुए रूपे कार्ड को भी आधिकारिक तौर पर जारी करेंगे।

भारत और यूएई के बीच निरंतर उच्च स्तरीय बातचीत हमारे जीवंत संबंधों को प्रमाणित करती है। यूएई हमारा तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार और भारत को कच्चे तेल का निर्यात करने वाला चौथा सबसे बड़ा देश है। इन संबंधों में हुई गुणात्मक बढ़ोतरी हमारी विदेश नीति की उपलब्धियों में से एक है। यह दौरा हमारे यूएई के साथ बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती देगा।

उन्होंने कहा कि वे 24 से 25 अगस्त के बीच बहरीन का भी दौरा करेंगे। यह भारत से प्रधानमंत्री स्तर का पहला बहरीन दौरा होगा। उन्हें प्रधानमंत्री शहजादा शेख खलीफा बिन सलमान अल खलीफा के साथ हमारे द्वपक्षीय संबंधों को गति देने के तरीकों और पारस्परिक हित के क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण को लेकर चर्चा का इंतजार है। वे बहरीन के सुल्तान महामहिम शेख हमाद बिन ईसा अल खलीफा और दूसरे नेताओं के साथ भी बैठक करेंगे।

इस दौरान उन्हें भारतीय समुदाय से बात करने का भी अवसर मिलेगा। जन्माष्टमी के पावन पर्व पर खाड़ी क्षेत्र के सबसे पुराने श्रीनाथजी मंदिर के पुनर्विकास की औपचारिक शुरुआत के समय उपस्थित होने का भी सौभाग्य मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह यात्रा सभी क्षेत्रों में संबंधों को और गहराई देगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रगति मैदान के पास निर्माणाधीन इमारत में लगी आग

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रगति मैदान के गेट नंबर छह के निकट स्थित निर्माणाधीन इमारत में गुरुवार की सुबह आग लग गई. फायरब्रिगेड के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति ने सुबह 11 बजे फायरब्रिगेड ऑफिस में आग लगने की सूचना दी. जिसके बाद पांच दमकल के वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया. अधिकारी ने बताया कि यह आग बड़ी नहीं लगती. ऐसा प्रतीत होता है कि शटरिंग के काम के लिए इस्तेमाल होने वाली सामग्री में आग लग गई थी. खबरों की मानें तो आग पर काबू पा लिया गया है.

### एमएनएस नेता संदीप देशपांडे गिरफ्तार

**» ईडी के सामने पेश होंगे राज ठाकरे**

**मुंबई (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कोहिनूर इमारत मामले में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के अध्यक्ष राज ठाकरे को समन भेजा गया था। आज एजेंसी के सामने राज ठाकरे पेश होंगे। वहीं दूसरी ओर एमएनएस नेता संदीप देशपांडे को एहतियात के तौर पर पुलिस ने हिरासत में लिया है। इसे लेकर महाराष्ट्र की सियासत गरमाई हुई है। ईडी द्वारा भेजे गए समन के विरोध में मनसे कार्यकर्ताओं में जमकर गुस्सा है। राज ठाकरे के ईडी के समक्ष पेश होने के दौरान किसी भी तरह की लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति नहीं बने इसके लिए पुलिस हरसंभव कदम उठा रही है। बता दें कि इंफ्रास्ट्रक्चर एंड लीजिंग फाइनेंशियल सर्विसेज द्वारा दिए गए लोन और उसके द्वारा किए गए निवेशों में राज ठाकरे की कंपनी कोहिनूर सीटीएनएल भी शामिल रही है। इस कंपनी में पूर्व सीएम मनोहर जोशी के बेटे उन्मेष जोशी एवं राजन शिरोडकर भागीदार रहे हैं। भवन निर्माण के लिए बनाई गई इस कंपनी को आइएलएंडएफएस ने 860 करोड़ रुपये का कर्ज दिया था। पिछले साल आइएलएंडएफएस का नियंत्रण सरकार के हाथ में आने के बाद उसके लेन-देन में हुई अनियमितताओं की जांच ईडी द्वारा की जा रही है। इसी के तहत कोहिनूर सीटीएनएल की भी जांच की जा रही है। हालांकि राज ठाकरे 2008 में ही इस कंपनी के अपने शेयर बेच चुके हैं।

### भारत की जेल में बंद सुभाष कपूर पर कलाकृतियां चुराने के आरोप में अमेरिका में मामला दर्ज

**न्यूयॉर्क।** जेल में बंद आर्ट डीलर सुभाष कपूर पर मैनहट्टन के अभियोजकों ने करोड़ों रुपये मूल्य की कलाकृतियां चुराने और रखने का आरोप लगाया है। अब मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के अधिकारी यह जांच कर रहे हैं कि क्या कपूर ने उनके संग्रहालय को चुराई गई कलाकृतियां बेची हैं। कपूर को इंटरपोल ने 2011 में जर्मनी में गिरफ्तार किया था और वह भारत की जेल में बंद हैं। मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी साइरस वांसे के कार्यालय ने पिछले महीने कपूर और कई अन्य के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज करायी थी। शिकायत में कपूर पर चोरी की कलाकृतियां रखने, इनकी चोरी करने से लेकर धोखाधड़ी आदि का आरोप है।

### अफगानिस्तान में हवाई हमले में 20 आतंकवादी ढेर

**मजार-ए-शरीफ।** अफगानिस्तान के उत्तरी बल्ख प्रांत में हवाई हमले में कम से कम 20 आतंकवादी मारे गये। सेना कोर 209 शाहीन के प्रवक्ता हनीफ रेजाई ने कहा, खुफिया रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की गयी है कि अफगानिस्तान वायु सेना ने बुधवार को जराह जिले के आसपास छिपे तालिबानी आतंकवादियों पर हवाई हमला किया जिसमें 20 आतंकवादी मारे गये। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हमले में 20 मोटरसाइकिलों और विस्फोटक और गोलाबारुद को भी नष्ट किया गया। एक अन्य घटना में बल्ख प्रांत के बल्ख जिले में कल झड़प के दौरान सेना के एक जवान की मौत हो गयी और छह आतंकवादी मारे गये। इसके अलावा पांच जवान और पांच आतंकवादी घायल हो गये।

# चिदंबरम ने सीबीआई हेडक्वार्टर में बिताई रात



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आईएनएक्स मीडिया केस में बुधवार रात गिरफ्तार किए पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम को रात सीबीआई हेडक्वार्टर में ही गुजारनी पड़ी. सूत्रों ने बताया कि 73 वर्षीय चिदंबरम को एजेंसी के गेस्ट हाउस के सुइट नंबर 5 में रखा गया है. वहीं सूत्रों के मुताबिक रात भर वो वहां परेशान दिखे. सूत्रों के मुताबिक, कल पूरी रात उनसे सवाल-जवाब का दौर जारी रहा. इस दौरान चिदंबरम को खाना भी दिया गया, लेकिन उन्होंने खाने से इनकार कर दिया.

रिपोर्ट के मुताबिक चिदंबरम ने कहा कि उन्हें रात में अकेले डर लगता है इसलिए उन्होंने हवालात जाने से इनकार कर दिया. इसके बाद सीबीआई के एक अधिकारी कमरे में उनके साथ रुके रहे.

सीबीआई हेडक्वार्टर में रातभर उनसे पूछताछ का दौर जारी रहा. सूत्रों ने बताया कि सीबीआई अधिकारियों द्वारा पूछे कुछ सवालों के जवाब देने के अलावा अधिकतर समय वह चुप ही रहे. सीबीआई के करीब 30 अधिकारियों की टीम बुधवार रात दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के साथ जोर बाग स्थित चिदंबरम के घर पर पहुंची. बाद में प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम भी वहां पहुंची. करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद चिदंबरम को गिरफ्तार किया गया.

# भीम आर्मी चीफ सहित 91 अरेस्ट, पैरामिलिट्री फोर्स तैनात

**» तुगलकाबाद हिंसा**



नईदिल्ली,22 अगस्त (आरएनएस)। दिल्ली के तुगलकाबाद में हिंसा फैलाने का मामला में कुल 91 लोग गिरफ्तार हुए हैं। इसमें भीम आर्मी के चीफ चन्द्रशेखर आजाद को भी गिरफ्तार किया गया है। चन्द्रशेखर आजाद पर दंगा फैलाना, सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, आगजनी करना और पुलिसकर्मियों पर हमला करने का आरोप है। इस घटना में 15 से ज्यादा पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। सभी आरोपियों को आज साकेत कोर्ट में पेश किया जाएगा। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के तुगलकाबाद और उसके आसपास के इलाकों में बुधवार को बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। उपद्रवियों ने 100 से ज्यादा वाहनों में तोड़फोड़ की जिनमें से कुछ गाड़ियां पुलिस की हैं और कुछ आम लोगों की हैं। संत रविदास का मंदिर गिराए जाने का विरोध कर रहे लोगों ने दो बाइकों में आग भी लगाई। इस प्रदर्शन से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़। सड़कों पर काफी जाम देखने को मिला, स्कूली बस, एंबुलैंस सहित कई बड़े वाहन जाम में फंसे रहे। स्कूली बच्चों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

प्रदर्शनकारियों उग्र होने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने भीम आर्मी और दलित समाज से जुड़े 70 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर आजाद को भी हिरासत में ले लिया गया है। बता दें कि संत रविदास मंदिर को तोड़ने के विरोध में यह हिंसा हुई। पुलिस के मुताबिक, भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर आजाद ने तुगलकाबाद के रविदास मंदिर को तोड़ने को लेकर जारी विवाद के बीच दिल्ली के जंतर मंतर में रैली करने की अनुमति मांगी थी। उनसे जंतर-मंतर पर रैली की अनुमति नहीं दी गई और रामलीला ग्राउंड में रैली करने के लिए कहा गया।

# भारत और अन्य देशों को अफगानिस्तान में आतंकवादियों से कभी न कभी लड़ना होगा

**» ट्रंप ने कहा**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि भारत को अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ाई में उतरना चाहिए। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि अफगानिस्तान में भारत समेत रूस, तुर्की, इराक और पाकिस्तान को आतंकी संगठनों से लड़ाई में अपनी भूमिका अदा करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि अभी केवल अमेरिका ही करीब 7 हजार मील दूर आतंकवाद से लड़ रहा है। लेकिन कभी न कभी इन देशों को भी इसमें साथ देना होगा।

उन्होंने कहा कि अन्य देश फिलहाल अफगानिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ बहुत कम प्रयास कर रहे हैं। अफगानिस्तान में आईएसआईएस के फिर से उभरने के सवाल पर ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि कभी न कभी रूस, अफगानिस्तान, ईरान, इराक, तुर्की को अपनी लड़ाई लड़नी होगी। वहां हमने पूरी तरह से खिलाफत को खत्म कर दिया। मैंने यह रिकॉर्ड समय में किया है, लेकिन ये सभी अन्य देश जहां आईएसआईएस उभर रहा है, कभी न कभी उससे प्रभावित हुए हैं।



उन्होंने कहा कि इन सभी देशों को उनसे लड़ना होगा क्योंकि क्या हम और 19 साल वहां रूकना चाहते हैं? मैं नहीं समझता हूं कि ऐसा है। ट्रंप ने इससे पहले संकेत दिए थे कि अफगानिस्तान से पूरी तरह से अमेरिकी सैनिकों की वापसी नहीं होगी। उनका कहना था कि अमेरिका को इस युद्ध ग्रस्त देश में मौजूद रहना ही होगा।

ट्रंप ने अपने ओवल कार्यालय में मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि हमारे पास खुफिया जानकारी रहेंगी, और हमारा कोई न कोई वहां हमेशा मौजूद रहेगा। ट्रंप अफगानिस्तान में तालिबान के साथ चल रही शांति वार्ता पर संवाददाताओं के प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वह कई विकल्पों पर गौर करना चाहेंगे।

उन्होंने कहा कि एक विकल्प तो अभी चल ही रहा है। हम एक योजना के बारे में बात कर रहे हैं मुझे नहीं पता कि मुझे यह योजना स्वीकार होगी या नहीं, हो सकता है कि वह उन्हें स्वीकार न हो। लेकिन हम बात कर रहे हैं। हमारी अच्छी बातचीत चल रही है और हम देखेंगे कि क्या होता है। अन्य राष्ट्रपतियों ने जो किया है, यह उससे ज्यादा है।

ट्रंप ने अफगानिस्तान से पूरी तरह से अमेरिकी सैनिकों की वापसी से इनकार करते हुए कहा कि हमने संख्या कम की है। हम अपने कुछ सैनिकों को वापस ला रहे हैं। लेकिन हमें वहां अपनी उपस्थिति रखनी होगी।

# जयशंकर ने की नेपाल की राष्ट्रपति से मुलाकात



**काठमांडू ।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने गुरुवार को यहां शीतल निवास में नेपाल की राष्टपति विद्या देवी भंडारी से सौजन्य मुलाकात की। डा. जयशंकर नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की पांचवीं बैठक की सह अध्यक्षता करने अभी नेपाल की यात्रा पर हैं।

नेपाल के विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली और डॉ जयशंकर ने बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों नेताओं ने भारत-नेपाल द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण विस्तार का जायजा भी लिया। डा. जयशंकर ग्यावली को केंद्र सरकार की ओर से 80.71 करोड़ रुपये का चेक भी प्रदान करेंगे जैसा कि भारत सरकार ने नेपाल के तराई क्षेत्रों में सड़कों की सुधार के लिए पांच सौ करोड़ रुपये की मदद देने का वादा किया है। निर्माणाधीन सड़कों में से चार परियोजनायें उद्घाटन के लिए तैयार है। नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की स्थापना जून 1987 में हुई थी। इसकी बैठकें नेपाल और भारत में बारी-बारी से आयोजित की जाती है।

# भीम आर्मी चीफ की गिरफ्तारी पर भड़कीं प्रियंका

**» रविदास मंदिर मामला**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में संत रविदास मंदिर के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर दलित संगठनों के प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की. उन्होंने कहा कि दलितों की भावनाओं का आदर किया जाना चाहिए. भीम आर्मी चीफ चन्द्रशेखर की गिरफ्तारी पर भड़कीं प्रियंका ने कहा कि दलितों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

इसके साथ ही प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दलितों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जा सकता. उन्होंने ट्वीट कर कहा, भाजपा सरकार पहले करोड़ों दलित बहनों-भाइयों की सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक रविदास मंदिर स्थल से खिलवाड़ करती है और जब इसके विरोध में देश की राजधानी में हजारों दलित भाई-बहन अपनी आवाज़ उठाते हैं तो उन पर लाठी बरसाती है. उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े जाते हैं और उन्हें गिरफ़्तार किया जाता है.

प्रियंका ने कहा, दलितों की आवाज़ का यह अपमान बर्दाश्त से बाहर है. यह एक जज़्बाती मामला है और उनकी आवाज का आदर होना चाहिए. बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दिल्ली विकास प्रधिकरण ने तुगलकाबाद में संत रविदास का मंदिर ढहा दिया था. आरोप था कि मंदिर सरकारी ज़मीन पर बना हुआ है. मंदिर ढहाने के बाद से ही बवाल शुरू हो गया. दिल्ली से लेकर हरियाणा, पंजाब, एमपी और राजस्थान समेत अन्य राजयों में मंदिर ढहाए जाने के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए. बुधवार को देशभर से संत रविदास के भक्तों का जत्था दिल्ली में आ धमका. प्रदर्शन के बाद लौटते हुए भक्तों ने जगह-जगह तोड़फोड़ भी की और वाहनों को आग लगा दी. इसके अलावा प्रदर्शनकारी पुलिस के साथ भी भिड़ते नज़र आए. वहीं, भीम आर्मी के प्रमुख चन्द्रशेखर को हिरासत में भी ले लिया गया.

# शादी से पहले आपसी सहमति से शरीरिक संबंध बनाना रेप नहीं

**» सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि यदि एक महिला किसी पुरुष के साथ यह जानते हुए भी शारीरिक संबंध बनाना जारी रखती है कि उन दोनों की शादी नहीं हो सकती है तो यह इस दुष्कर्म नहीं माना जाएगा। महिला इस आधार पर उसके खिलाफ शादी का झूठा वादा करके दुष्कर्म करने का आरोप नहीं लगा सकती है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और इंदिरा बनर्जी की पीठ ने सेल्स टैक्स की सहायक आयुक्त द्वारा सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट के खिलाफ दर्ज कराए गए दुष्कर्म के आरोपों को खारिज कर दिया। दोनों पिछले छह सालों से रिश्ते में थे और कई बार एक-दूसरे के घर में भी रह चुके थे। अदालत ने कहा इससे पता चलता है कि दोनों ने आपसी सहमति से संबंध बनाए थे।

शिकायत करनेवाली महिला ने कहा था कि वह सीआरपीएफ के अधिकारी को 1998 से जानती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि 2008 में शादी का वादा कर अधिकारी ने जबरन शारीरिक संबंध बनाए। 2016 तक दोनों के बीच संबंध रहा और इस दौरान कई-कई दिनों तक दोनों एक-दूसरे के आवास पर भी रुके थे। शिकायतकर्ता का कहना है, 2014 में अधिकारी ने महिला की जाति के आधार पर शादी करने में असमर्थता जताई। इसके बाद भी दोनों के बीच 2016 तक संबंध रहे। 2016 में महिला ने अधिकारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई क्योंकि उन्हें उसकी किसी अन्य महिला के साथ सगाई के बारे में सूचना मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि वादा करना और किन्हीं परिस्थितियों में उसे नहीं निभा पाना वादा कर धोखा देना नहीं है। कोर्ट ने कहा, अगर शादी का झूठा वादा कर किसी शख्स का इरादा महिला का भरोसा जीतना है। झूठे वादे कर महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाने में और आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बनाने को लेकर गलत धारणा है। झूठा वादा कर धोखा देना वह स्थिति है जिसमें वादा करने वाले शख्स के मन में जुबान देते वक्त उसे निभाने की सिरे से कोई योजना ही न हो। कोर्ट ने एफआईआर का बीरीकी से अध्ययन करने के बाद कहा कि 2008 में किया गया शादी का वादा 2016 में पूरा नहीं किया जा सका। सिर्फ इस आधार पर यह नहीं कहा जा सकता है कि शादी का वादा महज शारीरिक संबंध बनाने के लिए था। कोर्ट ने यह भी कहा कि महिला शिकायतकर्ता को भी इस बात का पता था कि शादी में कई किस्म की अड़चनें हैं। वह पूरी तरह से परिस्थितियों से अवगत थीं।